दिन—रविवार	दिनांक— 29 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।	अवधि — 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा — पश्चिम एशिया की स्थिति ने भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए चुनौती उत्पन्न की। इस चुनौती से सफलतापूर्वक बाहर निकलने का विश्वास भी जताया।

02. आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने नागरिकों से किया आग्रह। अफवाहों से रहें सतर्क और केवल सरकारी सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

03. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने वार्षिक मैट्रिक परीक्षा का परिणाम किया घोषित। इक्यासी दशमलव सात—नौ प्रतिशत अभ्यर्थी हुए उत्तीर्ण।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया और किशनगंज समेत राज्य में कई स्थानों पर आंधी—बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता प्रकट करते हुए कहा है कि दुनिया भर में पेट्रोल और डीज़ल का संकट बढ़ रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मौजूदा समय चुनौतीपूर्ण है क्योंकि भारत की ऊर्जा ज़रूरतों के एक बड़े हिस्से की पूर्ति पश्चिम एशिया से ही होती है।

———साउंड बाइट———

जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है। वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध अलगदृअलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ बना है। इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।

श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि कोविड काल की तरह, मौजूदा संकट से भी भारत उबर जाएगा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील की कि किसी भ्रम में न पड़े और अधिकृत जानकारियों पर ही भरोसा करें।

———साउंड बाइट———

मैं गल्फ कंट्रीज का बहुत आभारी हूं। वह ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं, जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें राजनीति नहीं करनी चाहिए यह देश के 140 करोड़ देशवासियों के हित से जोड़ा विषय है। मैं सभी देशवासियें अपील भी करूंगा कि वह जागरूक रहे, बहकावें में ना आए, सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें।

'मन की बात कार्यक्रम' में प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में संपन्न टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप में भारतीय टीम की जीत पर गर्व व्यक्त किया।

–––साउंड बाइट–––

भारत ने टी–20 वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की, तो देश में हर तरफ खुशी की लहर दौड़ गई अपनी टीम की शानदार सफलता पर हम सभी को बहुत गर्व है। जम्मूदृकश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया। जम्मूदृकश्मीर के लोगों में खेलों को लेकर गजब का जज्बा रहा है। यह बड़े खेल आयोजनों का हब भी बनता जा रहा है। खेलो इंडिया विंटर गेम्स के लिए गुलमर्ग तो पहले ही अपनी पहचान बन चुका है।

श्री मोदी ने लोगों से फिटनेस पर ध्यान देने की भी अपील की। प्रधानमंत्री ने लोगों से चीनी का कम सेवन करने और खाद्य तेल के उपयोग में कटौती करने को भी कहा है।

–––साउंड बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ ही जल संरक्षण के प्रति नये सिरे से प्रतिबद्धता व्यक्त करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में जल संचय अभियान से लोगों में व्यापक जागरूकता आई है।

–––बाइट–––

पिछले 11 वर्षों में जल संचय अभियान ने लोगों को बहुत जागरूक बनाया है। इस अभियान के तहत देश भर में करीब 50 लाख आर्टिफिशियल वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए गए हैं। जल संकट से निपटने के लिए गांवदृगांव में सामुदायिक स्तर पर प्रयास होने लगे हैं। अमृत सरोवर अभियान के तहत भी देश भर में करीब 70 हजार अमृत सरोवर बनाए गए हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार मछुआरों का जीवन आसान बनाने के लिए पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि मछुआरे आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव हैं।

–––साउंड बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रभाव देश के हर कोने में देखा जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से पूर्वोत्तर के कई क्षेत्रों को लाभ मिल रहा है।

–––साउंड बाइट–––

अंत में, प्रधानमंत्री ने लोगों से अपने आसपास की प्रेरणादायक कहानियां साझा करते रहने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इन संदेशों के कारण भी दूर–दराज के लोग मन की बात को उत्साहपूर्वक सुनते हैं।

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आज दैनिक प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि उपभोक्ताओं को सहयोग देने के लिए, पेट्रोल और डीजल

पर उत्पाद शुल्क दस रुपये प्रति लीटर घटा दिया गया है। मंत्रालय ने जनता से अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील भी दोहराई है। मंत्रालय ने कहा है कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। प्रतिदिन पचपन लाख से अधिक सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं।

---

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि कहीं भी डीजल, पेट्रोल और गैस की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने उत्पाद शुल्क घटाकर जनता को बड़ी राहत दी है।

––––साउंड बाइट–––

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने वार्षिक मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बोर्ड कार्यालय में आज परीक्षा परिणाम जारी किया। उन्होंने बताया कि कुल इक्यासी दशमलव सात–नौ प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। परिणाम में छात्राओं ने बाजी मारी है। वैशाली के छौड़ाही उच्च माध्यमिक विद्यालय की सबरीन परवीन और जमुई के सिमुलतला, आवासीय विद्यालय की पुष्पांजलि कुमारी ने संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

–––साउंड बाइट–––

बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि पहले पांच टॉपरों में तेरह विद्यार्थी शामिल हैं। श्री किशोर ने कहा कि चार लाख तैंतालीस हजार सात सौ तेईस परीक्षार्थियों ने फर्स्ट डिविजन में परीक्षा पास की है। श्री आनंद ने बताया कि इस वर्ष टॉपर्स को मिलने वाली सम्मान राशि बढ़ा दी गयी है।

–––साउंड बाइट–––

श्री किशोर ने बताया कि एक अप्रैल से सात अप्रैल तक स्क्रूटनी के लिए आवेदन किया जा सकता है। वहीं, अनुत्तीर्ण रहे छात्रों के लिए पूरक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

–––साउंड बाइट–––

परीक्षार्थी बोर्ड की बेवसाइट रिजल्ट डॉट बिहार बोर्ड ऑनलाइन डॉट ओआरजी पर परिणाम देख सकते हैं।

———————————————————————————

परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली जमुई के सिमुलतला, आवासीय विद्यालय की छात्रा पुष्पांजलि कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत और बुर्जुगों के आर्शीवाद को दिया है।

———साउंड बाइट———

वहीं, वैशाली के छौड़ाही उच्च माध्यमिक विद्यालय की सबरीन परवीन ने कहा कि शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग से उन्हें यह सफलता मिली है।

———साउंड बाइट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में श्री कुमार ने कहा कि सभी छात्र–छात्राओं ने कड़ी मेहनत की और बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि छात्राओं का लगातार बेहतर प्रदर्शन महिला सशक्तिकरण की अच्छी तस्वीर प्रस्तुत करता है।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश भागों में तापमान में थोड़ी कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार और बांका समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर आंधी–बारिश के साथ वज्रपात की आशंका है।

———साउंड बाइट———

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के तेघड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत छापेमारी कर पुलिस ने पचास हजार रुपये के ईनामी अपराधी संजय पासवान को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अपराधी के विरूद्ध मानसी थाना समेत जिले के अन्य थानों में हत्या, डकैती समेत कई संगीन मामले दर्ज थे।

———————————————————————————

सहरसा जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत मथुरा गांव में गोलीबारी की घटना में एक चार साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी। स्थानीय अस्पताल में बच्ची का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————————

अररिया जिला प्रशासन ने रसोई गैस आपूर्ति से संबंधित एक सौ पैंसठ शिकायतों का निष्पादन किया है। प्रशासन ने आज जिले में तेरह गैस एजेसिंयों पर छापेमारी की।

---

भागलपुर जिले के कहलगांव अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कैरिया में प्रशासन ने छापेमारी कर संचालित अवैध चावल मिल का उद्भेदन किया है। एसडीएम कृष्ण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में की गयी कार्रवाई के दौरान मौके से बड़ी मात्रा में अवैध चावल जब्त किया गया।

---

सुपौल जिले के मंडल कारा में एक विचाराधीन कैदी की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – पश्चिम एशिया की स्थिति ने भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए चुनौती उत्पन्न की। इस चुनौती से सफलतापूर्वक बाहर निकलने का विश्वास भी जताया।

02. आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने नागरिकों से किया आग्रह। अफवाहों से रहें सतर्क और केवल सरकारी सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

03. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने वार्षिक मैट्रिक परीक्षा का परिणाम किया घोषित। इक्यासी दशमलव सात–नौ प्रतिशत अभ्यर्थी हुए उत्तीर्ण।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया और किशनगंज समेत राज्य में कई स्थानों पर आंधी–बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।